जीत के लिए लगाया जमकर दम

टोंक। पीपलू उपखण्ड राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनवाड़ा में चल रही तैराकी प्रतियोगिता में गुरुवार को तैराकों ने जीत के लिए लगाया जमकर दम। प्रधानाचार्य पन्नालाल वर्मा ने बताया कि 19 वर्ष आयु वर्ग 100 मीटर बटरफ्लाई में प्रथम किशन गुर्जर पीपलू, द्वितीय प्रदीप गौड़ आमली, 200 मीटर बैक स्ट्रोक में प्रथम शुभम नायक नानेर, द्वितीय मनीष सैनी आमली, 4 गुणा 100 मीटर फ्री स्टाईल रिले में राउमावि पीपलू प्रथम, नानेर द्वितीय, जौला तृतीय स्थान पर रही। वहीं 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में प्रथम असलम मेव नानेर, द्वितीय शुभम नायक नानेर, 400 मीटर फ्री स्टाईल में प्रथम सुरेश सैनी बनवाड़ा रहा। इसी तरह 17 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर बटरफ्लाई में प्रथम रोहित बैरवा आमली, 200 मीटर बैक स्ट्रोक में प्रथम सागर खंगार लोहरवाड़ा, 4 गुणा 100 मीटर फ्री स्टाईल रिले में राउमावि लोहरवाड़ा टीम प्रथम, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में प्रथम केशव योगी जीवन ज्योति पीपलू, द्वितीय नरसी मीणा लोहरवाडा, तृतीय विकास खंगार लोहरवाडा, 400 मीटर फ्री स्टाईल में प्रथम मोहित चौधरी पहाडी, द्वितीय अभिषेक खटीक मालपुरा रहा। प्रधानाचार्य पन्नालाल वर्मा ने प्रतियोगिता का शुक्रवार को विजेता प्रतिभाओं को सम्मान किए जाने के साथ समापन होगा।

देवली में बस चालक ने एक माह के गाय के बछडे को कुचला

लोग चिल्लाते रहे पर किसी एक कि नहीं सुनी चालक ने

देवली । यहां लोक परिवहन बस चालकों की मनमानी अब बेलगाम होती चली जा रही है । ऐसा ही एक मामला बुधवार रात लोक परिवहन बस के एक चालक ने फिर से दोहरा दिया। लोक परिवहन बस के चालक ने शहर के बस स्टैंड के बाहर करीब एक माह के गाय के बछडे को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। जिसे देखकर लोग दंग रह गए।

वहीं घटना के बाद दर्जनों गौसेवक मौके पर एकत्र हुए। जिन्होंने मृतक बछडे के शव को हटाया और और बछडे की मौत से तडपती मा गाय को गोसेवकों ने नियंत्रित किया।इस मामले को लेकर सांवरिया पुत्र श्यामलाल ग्वाला ने बुधवार देवली थाने में लोक परिवहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवा कर पुलिस को बताया कि रात करीब 9 बजे लोक परिवहन बस के चालक ने बस स्टैंड के बाहर एक बछडे को टक्कर मार दी और उसे कुचल दिया । जिसकी मौके पर मौत हो गई। यह देखकर बछडे की मां व गाय बेसुध हो गई। गाय बार-बार अपने बछडे को संभालती रही। ओर चिल्ला चिल्लाकर इधर-उधर भागती रही। यह देखकर लोगों की आंखें नम हो गई। वहीं सूचना पर श्री सांवरिया सेठ गौशाला समिति के दर्जनों गौसेवक मौके पर पहुंचे और रस्सी की मदद से गाय को नियंत्रित किया। वहीं मृतक बछडे के शव को हटाया। इस घटना को लेकर गुरुवार दोपहर 2 बजे श्री सांवरिया गौ सेवा समिति की ओर से लोक परिवहन बसों पर प्रतिबंध लगाने व दुर्घटना रोकने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया । इस दौरान दर्जनों की संख्या में गौ सेवक लोक परिवहन बसों को देवली में प्रतिबंधित करने की मांग करते रहे और इनके विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की आवाज उठाई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी लोक परिवहन बस चालकों की मनमानी के कई गंभीर मामले पुलिस के सामने आए हुए हैं । जन चर्चा रही कि इनकी मनमानी को पुलिस काबू में नहीं कर पा रही है।

लोगों में चर्चा रही कि देवली शहर की थाना पुलिस इनकी हरकतों को देखकर भी अनजान बन जाती है। पुलिस के सामने यह बस स्टैंड में हालात यह बने रहते हैं कि यह बस चालक रात के वक्त बेतरतीब पार्किंग करते हैं। जिन्हे पुलिस कुछ नहीं कहती है।

लोक परिवहन बस चालको विरोध में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देते आमजन और गौ सेवक।

- गौशाला समिति के दर्जनों गौसेवक मौके पर पहुंचे
- इनकी मनमानी का विरोध किया तो झगडे पर उतारू हो जाते हैं चालक परिचालक
- बुधवार की रात्रि को एक माह के गाय के बछडे को कुचल दिया चालक ने

सार-समाचार

पोषण मेले का आयोजन

चौमू / कालाडेरा (निंस)। बुधवार को चौमू उपखण्ड की ग्राम पंचायत अनंतपुरा चिमनपुरा में महिला एवं बालविकास विभाग एवं मंजरी संस्थान के तत्वावधान में पोषण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच बद्री प्रसाद थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में स्थानीय पोषण युक्त भोजन का सेवन करना एवम एनीमिया को दूर करना था। कार्यक्रम में महिला सुपरवाइजर शांता सोनी ने बताया कि पोषण युक्त भोजन हमारे शरीर की पहली आवश्यकता है। एवम से मैडम मनोरमा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को अपने साथ साथ गर्भ में पल रहे बच्चे के पालन- पोषण का ध्यान रखना भी जरूरी है हम ठामीण एरिया से है हमारे आस- पास स्थानीय फल सब्जियां ऐसी है जो पोषण, विटामिन से भरपूर होने के साथ- साथ ताजा हमे उपलब्ध होती है हमे उनका सेवन करना चाहिए। कार्यक्रम में आगे मंजरी संस्थान की खण्ड समन्वयक सीमा शर्मा, खुशबू कुमावत ने ब्लॉक में चल रहे जीरो डोज कार्यक्रम की जानकारी दी और पोषण माह की थीम के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में लोहरवाड़ा, अनंतपुरा, इटावा, बलेखन, उदयपुरिया की आंगनबाडी कार्यकर्त्ता एवम वार्ड पंच सहित 15 गर्भवती महिलाएं शामिल थी।

युवक को लगा करंट, मौत

अचरोल / चंदवाजी थाना क्षेत्र के ताला मोड़ दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जैन मंदिर में गुरुवार शाम को मंदिर में टीन सेट लगाते हुए एक युवक को करंट लग गया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई अचरोल पुलिस चोकी हेड कांस्टेबल सूरजमल यादव ने बताया की, अणी सीरा की ढाणी निवासी हनुमान सहाय मीणा पुत्र गुलाराम मीणा उम्र 52 वर्ष जैन मंदिर में टीन सेट लगा रहा था मंदिर के ऊपर से जा रही 11000 केवी लाइन के टच हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, मृतक हनुमान सहाय के साथ काम करने वाले नेंचू राम सैनी को पूछने पर बताया कि जैन मंदिर के संचालक के कहने से ऊपर चढ़कर टीन सेट के बोल्ट कसने पर हादसा हुआ, जैन मंदिर संचालक संत कुमार ने झूठ बोलकर ऊपर चढ़ना, जिसके कारण यह हादसा हुआ, शव निम्स हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है सुबह पोस्टमार्टम होगा

राजगढ । अलवर मार्ग पर नारायणी धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की बाइक असंतुलित होकर मूनपुर पुलिया के समीप दुर्घटनाठास्त हो गई। इस हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर घायल हो गए। तीनों गंभीर घायलों को राजगढ़ चिकित्सालय से प्राथमिक उपचार के बाद अलवर रैफर कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंज खेड़ली निवासी मामराज 42 वर्ष, रुणीजा रोनीज़ा थान निवासी ओमप्रकाश उर्फ ओमी एवं मालाखेड़ा निवासी गोपाल बाइक पर सवार होकर नारायणी माता से आ रहे थे। असंतुलित होकर मूनपुर पुलिया तिराहे के पास बाइक दुर्घटनाठास्त हो गई। इसमें बाइक सवार तीनों लोग गंभीर घायल हो गए। तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ चिकित्सालय से अलवर रैफर कर दिया। इस अवसर पर पुलिस के अधिकारी एवं सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने किए चेक वितरित

खैरथल। खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय जनसुनवाई की गई। इस जनसुनवाई में 82 परिवादियों ने प्रकरण दर्ज कराते हुए अपनी अपनी समस्याएं रखी। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए साथ संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों का निर्धारित सीमा अवधि में निस्तारण न करने व परिवादों के निस्तारित में विलंब करने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने गुरुवार को त्रिस्तरीय जनसुनवाई की ।

किसान महापंचायत ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

निवाइ । किसान महापंचायत के शिष्ट मंडल ने पाम के तरल पदार्थ का आयात एवं खाद्य तेलों में मिलावट को प्रतिबंधित करने हेतु प्रधानमंत्री के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। किसान महापंचायत के युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने सरसों के तेल में पाम मिलाने पर 2020 में प्रतिबंधित होने के बाद भी मिलावट को रोकने के सार्थक प्रयास नहीं होने से देशवासियों को सरसों का शुद्ध तेल भी उपलब्ध नहीं हो रहा है। मिलावटखोर कमाने के लालच को अपना अधिकार समझने लगे हैं। उन्होंने बताया कि देश विदेश के आयात समझौता के कारण इसे रोकने में असमर्थतता व्यक्त करे तो आयात शुल्क 300 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान में बाजरा खरीद नहीं होने के कारण राजस्थान के किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिलता है। जबकि वर्ष 2023 मोटे अनाज के लिए घोषित किया गया है। इसको लेकर किसान महापंचायत के शिष्ट मंडल ने राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से किसान महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, प्रदेश महामंत्री सुन्दरलाल भावरिया, युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी, प्रदेश मंत्री बत्तीलाल बैरवा व नीम का थाना जिला अध्यक्ष बलदेव यादव ने सरसों तेल में पाम नहीं मिलाने एवं एमएसपी पर बाजरा खरीद को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

- खाद्य तेलों में मिलावट को प्रतिबंधित की मांग

युवक को लगा करंट, मौत

अचरोल / चंदवाजी थाना क्षेत्र के ताला मोड़ दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जैन मंदिर में गुरुवार शाम को मंदिर में टीन सेट लगाते हुए एक युवक को करंट लग गया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई अचरोल पुलिस चोकी हेड कांस्टेबल सूरजमल यादव ने बताया की, अणी सीरा की ढाणी निवासी हनुमान सहाय मीणा पुत्र गुलाराम मीणा उम्र 52 वर्ष जैन मंदिर में टीन सेट लगा रहा था मंदिर के ऊपर से जा रही 11000 केवी लाइन के टच हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, मृतक हनुमान सहाय के साथ काम करने वाले नेंचू राम सैनी को पूछने पर बताया कि जैन मंदिर के संचालक के कहने से ऊपर चढ़कर टीन सेट के बोल्ट कसने पर हादसा हुआ, जैन मंदिर संचालक संत कुमार ने झूठ बोलकर ऊपर चढ़ना, जिसके कारण यह हादसा हुआ, शव निम्स हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है सुबह पोस्टमार्टम होगा।

4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

टोंक। खाद्य विभाग के निर्देश पर गुरुवार को जिले में घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग को रोकने की कार्यवाही की गई। जिला रसद अधिकारी ओमप्रकाश जोतड ने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी इंद्रपाल मीणा एवं धर्मचंद अग्रवाल ने श्याम होटल पक्का बंधा टोंक से 2 एवं मैसर्स देवनारायण होटल पक्का बंधा टोंक से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। कार्यवाही के दौरान मौके पर उक्त सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। जब्त किये गये 4 गैस सिलेंडर बुंदेल गैस एजेंसी टोंक की सुपूर्दगी में दिये गये है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

युवक की मौत : टोंक पीपलू उपखण्ड बरोनी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई ।हेड कांस्टेबल हिम्मत सिंह ने बताया बुधवार शाम पकेश पुत्र जगदीश जाति कीर उम्र 34 वर्ष निवासी कंकराज खुर्द पैदल अपने घर की ओर जा रहा था, जिसे पीछे से आ रहे हैं ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से टोंक सहादत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सूपूर्द कर अनुसंधान शुरू किया गया ।

टोंक जिले में घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग को रोकने के लिए कार्यवाही की।

रेलवे ऑपरेटिव बैंक की वार्षिक आम सभा आयोजित

फुलेरा । कस्बे के रेल परिसर स्थित रेलवे समुदायिक भवन परिसर में गुरुवार को प्रातः 11:15 बजे दी रेलवे एम्पलाईज को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड जयपुर शाखा फुलेरा की 72 वीं वार्षिक आम सभा एवं विशेष आम सभा का आयोजन फुलेरा बैंक शाखा संचालक विष्णु कुमार चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बैंक उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में जयपुर बैंक शाखा संचालक देशराज सिंह, मीठा लाल मीणा, अजमेर बैंक शाखा संचालक मुकेश कुमार, भावना शर्मा, विभोर मिश्रा, कोटा बैंक शाखा संचालक अनीता गोचर बैकुंठ नारायण शर्मा, कमलेश मीणा, बांदीकुई बैंक शाखा संचालक सोहनलाल गुर्जर चार्टर्ड अकाउंटेंट विशेषज्ञ संचालक गौरव जैन, विशेषज्ञ संचालक घनश्याम दास बडाया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. के. खूंटेजा रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों द्वारा मां शारदे के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद अतिथियों का माला, साफा पहनकर एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इसी क्रम में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं बैंक उपाध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि अपनी स्थापना के 79 वर्षों में बैंक ने अभूतपूर्व प्रगति करते हुए को-ऑपरेटिव बैंको में सर्वोपरि स्थान प्राप्त किया है एवं बैंक को सदैव "अ" श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता रहा है।

बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक व सहकारिता विभाग द्वारा जारी अधिनियमों की पालना एवं संबंधित सभी प्रावधानो की पूर्ति करते हुये वर्ष 2023-24 में 16.61 करोड रूपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। बैंक का कुल व्यवसाय 31मार्च 2024 को 1707.13 करोड के आंकडे पर पहुंच गया है। जो कि गत वर्ष 1582.83 करोड था। यानी इस वर्ष बैंक के कारोबार में 124.30 करोड की वृद्धि हुई है।

एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

श्रीमाधोपुर । कस्बे की श्री राम कॉलेज श्रीमाधोपुर मे स्वच्छता ही सेवा सम्मेलन महाविद्यालय परिसर में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के आदेश के तहत एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉक्टर सुदर्शन सैनी में बताया कि सेमिनार में स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के तहत प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया और बताया कि प्रत्येक व्यक्ति का स्वच्छता में पूर्ण योगदान होना चाहिए । हमें छोटे-छोटे स्तर पर जागरूक होकर योगदान देना होगा ।एनएसएस प्रभारी सुरेश सैनी ने स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वक बताएं उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्लास्टिक हमारे जीवन के साथ अन्य जीवों के लिए भी घातक सिद्ध हो जा रहा है।

'सदस्यता अभियान में भाजपा के अधिक लोगों को जाड़ा जाये'

गोविंदगढ /अलवर । गोविंदगढ कस्बे में आज 19 सितंबर को सेवा पखवाडे का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संतोष देवी महलावत पूर्व सांसद झुंझुनू गोविंदगढ पहुंची । गोविंदगढ उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता जय आहूजा पहुंचे सेवा पखवाडे का कार्यक्रम आयोजित बाल्मिक मंदिर पर पहुचे गोविंदगढ़ दोनों ही नेताओं ने वाल्मीकि जी की प्रतिमा को प्रणाम किया उसके बाद वाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा संतोष देवी एवं जय आहूजा का माला एवं साफा पहना कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर वाल्मीक समाज की महिला पुरुष एवं बच्चों ने बढ-चढकर भाग लिया । उसके बाद राधा कृष्ण मंदिर पंजाबी मोहल्ला में सदस्यता अभियान का कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा सदस्य जोडो अभियान के बारे में बताया गया जिससे भारतीय जनता पार्टी से लोगों को जोडा जाए और संगठन को और मजबूत किया जा सके प्रधानमंत्री जन्म दिवस के बाद से ही सेवा पखवाड़े का आयोजन लगातार गोबिंदगढ मंडल में किया जा रहा हैं भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता तन मन से कार्य में लगे हुए हैं और गोविंदगढ मंडल कार्यकारिणी की टीम जिम्मेदारी पूर्वक अपना कार्य कर रही है इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रवि सनातनी शर्मा ,महामंत्री कुलदीप शर्मा, गोविंद गौतम मीडिया प्रभारी, कैलाश शर्मा गुरुजी, रामगढ मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा भी मौजूद रहे । लाखन सोलंकी , सचिन शर्मा, सिब्बी, राजकुमार शर्मा गोपाल सोलंकी मोहित बटवाडा, ब्रजकिशोर जोशी हरि सिंह सोलंकी रविंद्र शर्मा गंगा प्रसाद यादव सीताराम गाबा बहादुर सैनी आदि गण मान्य लोग मौजूद रहे रतीय जनता पार्टी की पूर्व सांसद संतोष देवी झुंझुनू प्रदेश महामंत्री वर्तमान महलावत गोविंदगढ़ पहुंची युवा नेता जय आहूजा हिंदुओं पर किस तरह अत्याचार बांग्लादेश में हो रहा है।

8 हजार खाते खोलने का लक्ष्य

निवाई । टोंक मंडल में चलाए जा रहे सुकन्या डाकघर खातों के लिए विशेष अभियान के तहत निवाई डाकघर में एक मार्गदर्शन बैठक का आयोजन टोंक डाक मंडल के अधीक्षक कमलकुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। टोंक मंडल अधीक्षक शर्मा ने बताया कि योजना में इस माह 8 हजार सुकन्या खाते खोलने का लक्ष्य है। जिसमे से अब तक 2 हजार 500 खाते खोले जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरे सितंबर माह में जारी रहेगा। इसके तहत घर जाकर छोटी बच्चियों के आधार कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। आधार बनाने के लिए निवाई डाकघर में विशेष व्यवस्था की गई है। बैठक में रोहित गौतम शाखा डाकपाल मुंडिया एवं अजय रोडावाल शाखा डाकपाल चनानी को विशेष योगदान दिया।

कलेक्टर ने दिया 'अतुल्य अलवर' का नाम

अलवर । पर्यटन की दृष्टि से अतुल संभावनाएं लिए हुए अलवर में जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नवाचार करते हुए अतुल्य अलवर नाम से अभियान की शुरूवात की है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यटन के विकास और स्वच्छता में अलवर को अठाणी बनाने का है। तीन अलग-अलग चरणों में चलाए जाने वाले अभियान को जिला कलेक्टर ने आमजन से जोड़ा है। अभियान में उत्कृष्ट सहयोग देने पर सफाई कर्मी से लेकर आधिकारिक तक को सम्मानित किए जाने रखा है।

जिला कलेक्टर बताया अलवर जिला धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहां सरिस्का बाघ परियोजना, पाण्डुपोल, भर्तृहरि, बालाकिला, संठाहालय, सिलीसेढ, सागर एवं विभिन्न पुरामहत्व की संरचनाएं पर्यटन की अतुल संभावनाएं लिए हुए है। अलवर जिले को पर्यटन के क्षेत्र में अठिाम पंक्ति में लाने के लिए विकास के बिन्दुओं में अत्यन्त महत्वपूर्ण बिन्दु स्वच्छता है जिसका मानव एवं अन्य जीवों के स्वास्थ्य से सीधा संबंध है। स्वच्छता केवल नगरीय सीमाओं का विषय नहीं है बल्कि आमजन द्वारा आत्मसात कर इसे अपनी जीवनशैली के रूप में अपनाने का विषय है। इसी उद्देश्य को लक्ष्य करते हुए 'शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024' में अलवर को नवीन ऊंचाइयों पर ले जाने पर अतुल्य अलवर के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए आमजन की सहभागिता से विशेष महा अभियान चलाने की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। इस अभियान को अतुल अलवर अभियान के अंतर्गत 'अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान' के नाम से संचालित किया जावेगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी अभियान में आमजन की सहभागिता व जुडाव सबसे अहम कडी होती है, इसी को दृष्टिगत रखते हुए अतुल्य अलवर अभियान का लोगो आमजन से तैयार कराकर उसे उपयोग में लेने हेतु आमजन से अभियान का लोगो तैयार कर 7 दिवस में मेल आईडी पर आमंत्रित की गई है। आमजन इस अभियान का लोगो डिजाइन कर मेल आईडी पर भिजवाए। उत्कृष्ट लोगो का चयन लोगो का चयन कर अतुल्य अभियान का लोगो जारी किया जावेगा। इस अभियान का उद्देश्य अलवर शहर को कचरा फ्री, क्लीन शहर, प्लास्टिक फ्री शहर, वाटर प्लस शहर, ओडीएफ प्लस के रूप में स्थापित करना है। साथ ही शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में अलवर की स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार लाकर उच्च स्तर तक लाना है।

- पर्यटन की दृष्टि से अतुल संभावनाएं लिए अलवर में प्रशासन, आमजन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता से चलेगा अभियान।

गायों के गले में बांधे रेडियम बेल्ट

पीपलू। कस्बे मे रात के समय सडक़ों पर घूमने वाले मवेशियों की अक्सर हादसों में मौत होती रहती है। वहीं अंधेरे में इनके नजर नहीं आने से वाहन चालकों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसे में इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पीपलू कस्बे का यूथ आगे आया है। जिसमें कस्बे के सभी प्रमुख मार्गों पर विचरण करने वाले पशुओं के गले में लाल व सफेद रंग का स्मार्ट बेल्ट पहनाया जा रहा है।

यूथ ठ्ठुप के सक्षम चंदू जैन कंपनी वाला ने बताया कि सडक़ों पर गायों के बैठे रहने से रात के अंधेरे में यह नजर नहीं आती है। ऐसे में इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सोमवार की रात को पीपलू कस्बे में ठ्ठुप के मनदीप जांगिड़, अंशुल गुप्ता, कालूराम चौधरी, केशव सोनी, आशाराम बारवाल, अक्षित कुमावत, लक्की व आयुष, आदि जैन, सुमित, हर्षित जैन, हंसराज मीणा नाथड़ी, आदि जैन के साथ मिलकर 50 बेसहारा गायों के गले में रेडियम बेल्ट बांधकर अभियान शुरु किया गया है। वहीं जल्द ही स्टेट हाइवे 117 डारडातुर्कान, मवासीपुरा व नाथड़ी आदि प्रमुख जगहों पर विचरण करने वाले पशुओं के गले में लाल व सफेद रंग का स्मार्ट बेल्ट पहनाया जाएगा। रेडियम लगा होने की वजह से बेल्ट रोशनी में दूर से चमक उठेगा। इससे हादसों में कमी आएगी। इस बेल्ट से एक और पहचान भी होगी कि ये पशु सडक़ पर विचरण करता है।

नगरपरिषद पार्षदों ने शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर की बैठक

कोटपूतली। एक और जहां केन्द्रीय आवासन एंव शहरी कार्य मन्त्रालय के निर्देशानुसार विगत 17 सितम्बर को ही जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल सहित नगर परिषद के अधिकारियों ने स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूर्ण होने पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के जिला स्तरीय कार्यक्रम में ना केवल स्वच्छता की शपथ ली थी। अपितु जिला कलक्टर ने स्वच्छता रैली को हरि झण्डी दिखा कर रवाना किया था। किन्तु सफाई व्यवस्था को लेकर यदि कोटपूतली शहर की बात की जाए तो जगह-जगह लगे कचरे के ढेर और उनमें मुंह मारते पशु तथा शहर की कचरे से बजबजाती नालियां । इतना ही नहीं कस्बे के जिला परिवहन कार्यालय के समीप तो हालात इतने बदतर हो चले हैं कि नालियों का पानी सड़क पर इतना भरा हुआ है कि लोगों का जहां घरों से निकलना दुभर हो रहा है वहीं स्कूल बच्चों सहित आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बावजुद इसके भी नगरपरिषद प्रशासन शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था को लेकर अपनी दुम दबाये बैठा है। शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था प्रशासन द्वारा मनाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के पखवाड़े को लेकर कई सवाल खड़े कर रही है। हालांकि प्रशासन द्वारा हर बार की तरह एक अक्टुबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जायेगा वहीं दो अक्टुबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जायेगा। इस दौरान कई अधिकारी व कर्मचारी अपने हाथों में झाड़ू लेकर इस अभियान में अपनी भागीदारी निभाने का रोल अदा करते दिखाई देगें। लेकिन जमीनी हकिकत की बात करें तो इन अधिकारियों के कार्यालयों तक में ठीक ढंग से इस दौरान सफाई नहीं होगी।

कोटपूतली में सफाई व्यवस्था के बिगडे हालात ।

इधर नगरपरिषद पार्षदों ने भी शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर गुरूवार को नागाजी की गोर स्थित भौमियां बाबा मंदिर में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सभी पार्षदो ने सर्वसम्मती से निर्णय किया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई मे जाकर जिला कलक्टर को इस सम्बन्ध में अवगत करा कर ज्ञापन दे। जिस पर सभी पार्षद पंचायत समिति पंहुच कर जनसुनवाई में जिला कलक्टर को दिये ज्ञापन में लिखा है कि कोटपूतली नगर परिषद प्रशासन की अनदेखी, लापरवाही व भ्रष्टाचार के चलते कस्बे में सफाई व्यवस्था पूरी तरह गड़बड़ाई हुई है। इससे जगह-जगह कचरे के ढ़ेर लग रहे हैं। कचरे के ढ़ेरो से उठने वाली दुर्गन्ध से लोगों को परेशानी हो रही है। गंदगी से संक्रमण का खतरा हो रहा है। जबकि सफाई व्यवस्था पर प्रति माह कई लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी कस्बे में गंदगी की समस्या बढ़ती जा रही है। वार्ड पार्षद सफाई को लेकर नगर परिषद में अनेक बार शिकायत कर-कर थक चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। पार्षदों ने बताया कि कस्बे के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, चारों तरफ सडकें टूटी पड़ी है, सडक में गड्डे हो रहे हैं, जिनमें पानी भरा रहता है एवं नालियां गंदगी से भरी पड़ी है, नालियो का पानी रोड़ पर फैल रहा है, जगह-जगह लगे कचरे के ढ़ेर से आमजन परेशान है। इस बारे में जब सफाई ठेकेदारों से बात करते है तो सफाई ठेकेदार पार्षदों की नहीं सुनते। वहीं नगर परिषद आयुक्त सहित जिम्मेदार सफाई इंस्पक्टर को समस्या से अवगत कराने पर जल्द व्यवस्था सुधारने की बात कहते है परन्तु कोई कार्यवाही नही होती और समस्या जस की तस रहती है। पार्षदों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि अगर कोटपूतली परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो पाँच दिवस पश्चात समस्त पार्षदों द्वारा कलेक्टर ऑफीस के नीचे एंव नगर परिषद कोटपूतली में धरना प्रदर्शन किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर परिषद की होगी। इस दौरान उपसभापति अशोक शरण बंसल पूर्व चेयरमैन महेन्द्र सैनी, पार्षद प्रमोद सैनी, मनोज गौड़ राजेन्द्र मीणा, ममता आर्य, मनोज देवी, अमित मीणा, सोनू आर्य, कपिल चौहान, रामकरण सूद, जयराम रावत, ताराचंद, पार्षद प्रतिनिधि अनिल शरण बंसल, कृष्ण छावड़ी सुंदरलाल सैनी कृष्ण कारोडिया सुभाष सैनी सहित अनेक पार्षद व आमजन मौजूद रहे हालांकि पार्षदों द्वार जनसुनवाई में शहर की बीगड़ी सफाई व्यवस्था से जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल को अवगत कराने पर उन्होने मौके पर ही उपस्थित नगरपरिषद आयुक्त धर्मपाल जाट को शक्त दिशानिर्देश देते हुए कहा की तुरन्त सफाई ठेकेदार पर पलन्टी लगाई जाये तथा 4-4 वार्डो पर एक एक सुपरवाईजर नियुक्त कर ग्राऊड़ रिपोर्ट मंगवाई जाये तथा जल्दी से जल्दी शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवाए।